जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

October 18, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के डिजाइन एवं इनोवेशन विभाग के छात्रों की फिल्म ने आईएफपी के 14वें संस्करण में सिल्वर फिल्म ऑफ द ईयर अवार्ड जीता

डिजाइन एवं इनोवेशन विभाग के छात्रों ने हाल ही में इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट (आईएफपी) के 14वें संस्करण में 50 घंटे की फिल्ममेकिंग चैलेंज में भाग लिया जिसमें मोबाइल वर्टिकल कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा हुई । इस प्रतिष्ठित चैलेंज में भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर से प्रविष्टियां प्राप्त हुईं । उनकी फिल्म "अफवाएं अमर रहे" को शीर्ष 10 फाइनलिस्ट फिल्मों में चुना गया और इस फिल्म ने अपनी श्रेणी में सिल्वर फिल्म ऑफ द ईयर अवार्ड जीता।

जूरी में देवाशीष मखीजा, कबीर खान और सूनी तारापोरवाला जैसे प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शामिल थे । विजेता फिल्मों, जिनमें हमारी फिल्म भी शामिल है, उन सभी फिल्मों को कार्यक्रम के अंतिम दिन मुंबई के महबूब स्टूडियो में दिखाया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया